प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति बहाल करने के लिए संवाद और कूटनीति का समर्थन किया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और इस पर भारत का रूख स्पष्ट करते हुए प्रधानमंत्री ने आज राज्यसभा में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से चल रहा है और इसने विश्व भर में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत के लिए भी यह स्थिति चिंता का विषय है क्योंकि इस संघर्ष के कारण व्यापार मार्ग प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की नियमित आपूर्ति बाधित हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास रसोई गैस के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं।

बजट अनुमान

शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में वित्तीय वर्ष 2026—27 के बजट अनुमानों पर चर्चा आज भी जारी रही। चर्चा में हिस्सा लेते हुए विधायक संजय अवस्थी ने जहां सरकार की उपलब्धियों को गिनाया वहीं प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने समिति साधनों के बावजूद आपदा से प्रभावित हर परिवार को राहत देने का काम किया और विशेष पैकेज जारी किया। विधायक प्रकाश राणा ने कहा कि सरकार ने एक ऐसा बजट पेश किया, जिसका आकार पिछले बजट से भी कम है। उन्होंने विधायक निधि के साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन में की गई कटौती पर भी सवाल उठाए। विधायक मोहन लाल ब्राक्टा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विपरित परिस्थितियों में एक बेहतर बजट पेश किया है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चर्चा के दौरान विधायक प्रकाश राणा ने सकारात्मक सुझाव दिए है। उन्होंने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है और सनसनी फैलाने के प्रयास नहीं होने चाहिए।

राज्यपाल भेंट

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी आधारित आधुनिक प्रणालियों को अपनाने के महत्व पर बल दिया है। आज लोकभवन शिमला में आयोग के अध्यक्ष कैप्टन रामेश्वर सिंह ठाकुर के नेतृत्व में उनसे मिलने आए अन्य सदस्यों से बातचीत के दौरान राज्यपाल ने बात कही। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने राज्यपाल को आयोग की वर्तमान गतिविधियों और पहलों से अवगत करवाया।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। वे आज विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दूसरे चरण के शुभारम्भ पर शिमला में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बोल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि दिसम्बर 2024 के दौरान आरम्भ किए गए टीबी मुक्त भारत अभियान के पहले चरण में हिमाचल ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के करीब 14 लाख से अधिक अति संवेदनशील लोगों की जांच कर सौ प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया है। शांडिल ने कहा कि सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दूसरे चरण में प्रदेश के 5 हज़ार एक सौ 76 उच्च्च जोखिम वाले गांवों और शहरी वार्डों को कवर किया जाएगा।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि वर्ष 2022 में कांग्रेस पार्टी बड़े—बड़े वायदों और गारंटियों के साथ सत्ता में आई लेकिन अब जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाल रही है। आज शिमला में उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले 40 महीनों में करीब 4 हज़ार करोड़ रूपए जनता से टैक्स के रूप में वसूले हैं और अब नए बढ़े टैक्स के माध्यम से करीब 2 हज़ार करोड़ और निकालने की तैयारी है। बिंदल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने बिजली, पानी, राशन, स्टांप ड्यूटी और सीमेंट के दाम बढ़ाकर आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों में पैट्रोल—डीज़ल सस्ता और हिमाचल में महंगा होने से तस्करी और माफिया तंत्र को भी बढ़ावा मिलेगा।

...................................